कामये दुःखतप्तानाम्।
प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्॥

जागृति

वर्ष:65 अंक-2 मुम्बई जनवरी 2021

हुनर हाट

पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों द्वारा बनाए गए उत्पादों के प्रदर्शन का एक मंच

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका
खादी और ग्रामोद्योग आयोग

जागृति

वर्ष:65 अंक-2
मुम्बई जनवरी 2021

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका

सम्पादकीय मण्डल

अध्यक्ष
श्रीमती प्रीता वर्मा

संपादक
एम. राजन बाबू

सह संपादक
स्मिता जी. नायर

उप संपादक
सुबोध कुमार

वरिष्ठ हिंदी अनुवाद अधिकारी
सरस्वती खनका

डिजाईन व पृष्ठसज्जा
सुबोध कुमार

प्रचार, फ़िल्म एवं लोक शिक्षण कार्यक्रम निदेशालय द्वारा खादी और ग्रामोद्योग आयोग, ग्रामोदय, 3 इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम), मुंबई -400056 के लिए ई-प्रकाशित
ईमेल: kvicpub@gmail.com
वेबसाइट: www.kvic.org.in

आवश्यक नहीं कि पत्रिका में प्रकाशित लेखों तथा विचारों से खादी और ग्रामोद्योग आयोग अथवा संपादक सहमत हों

इस अंक में.....

समाचार सार 03-24

- एमएसएमई मंत्री द्वारा रामपुर 'हुनर हाट' का उद्घाटन.....
- एमएसएमई क्षेत्र को समर्थन के लिए ठोस वित्तीय मॉडल विकसित करने और प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को पूरा करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास करने की ज़रूरत है: श्री गडकरी.....
- केन्द्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री द्वारा उदयपुर में खादी संस्थाओं का दौरा.....
- पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि.....
- अध्यक्ष द्वारा केएनएचपीआई में चल रही गतिविधियों की समीक्षा.....
- आयोग, लद्दाख की कारीगर रचनात्मकता के हितार्थ व्यापक योजना के साथ तैयार ...
- आयोग के अध्यक्ष ने चर्म शिल्प के प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए.....
- खादी सिल्क साड़ियां पहनेंगी दिल्ली पुलिस की महिला कार्यकारी .....
- कोविड-19 के दौरान जम्मू और कश्मीर में खादी कारीगरों के जीवनयापन के लिए आयोग ने 30 करोड़ रुपये वितरित किये .....
- दिवाली मनाने के साथ ही आत्मनिर्भर भारत अभियान में सहयोग करने के लिए एमएसएमई मंत्रालय का उपभोक्ताओं को धन्यवाद.....
- पीएमटीसी, पंपोर ने सल्लर अनंतनाग में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम.....
- कन्नूर मधुमक्खी पालन क्लस्टर में मधुमक्खी के बक्से वितरित.....
- कसारगोड मधुमक्खीपालन क्लस्टर में एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन.....
- अरुणाचल प्रदेश सरकार ने स्कूली बच्चों के लिए 1 लाख खादी फेस मास्क खरीदे....
- उत्तर-पूर्व राज्यों के मुख्य सचिवों द्वारा अपने संबंधित राज्य की राजधानी में पीएमईजीपी की समीक्षा .....

मीडिया कवरेज..... 25-29

एमएसएमई मंत्री द्वारा रामपुर हुनर हाट का उद्घाटन

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री नितिन गडकरी ने उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित 'हुनर हाट' के 23वें संस्करण का उद्घाटन 18 दिसंबर, 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया।

हुनर हाट, जोकि पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों द्वारा बनाए गए उत्पादों के प्रदर्शन का एक मंच है, यह कार्यक्रम 18 दिसंबर, 2020 से 27 दिसंबर, 2020 तक प्रदर्शनी मैदान, पनवंड़िया, रामपुर में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री श्री मुख्तार अब्बास नकवी, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना और उत्तर प्रदेश के खादी और ग्रामोद्योग के उद्योग और एमएसएमई मंत्री श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस अवसर पर बोलते हुए, श्री गडकरी ने कहा कि देश के समग्र विकास के लिए आर्थिक विकास आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि "गरीबी उन्मूलन मोदी सरकार की प्राथमिकता है। हुनर हाट इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।"

श्री गडकरी ने कहा कि रामपुर के हुनर हाट में देश भर के शानदार स्वदेशी हस्तनिर्मित उत्पाद उपलब्ध हैं।

यह जरूरतमंदों को विशेष रूप से प्रतिभाशाली कारीगरों और देश के गांवों के कारीगरों को एक प्रभावी मंच प्रदान कर रहा है। जब ये स्वदेशी उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचेंगे और हमारे कारीगर समृद्ध बनेंगे, तभी हमारा सपना पूरा होगा।"

उन्होंने आगे कहा कि एमएसएमई मंत्रालय, अल्पसंख्यक मामले मंत्रालय तथा खादी और ग्रामोद्योग आयोग, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत के प्रति प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए संयुक्त रूप से काम करेंगे।

उन्होंने आगे बताया कि ये मंत्रालय हुनर हाट के उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार प्रदान करने के लिए साथ में काम करेंगे।" रामपुर में हुनर हाट 27 दिसंबर तक खुला रहेगा।

इससे पहले, 17 दिसंबर, 2020 को हुनर हाट की पूर्व संध्या पर अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि हुनर हाट "प्रतिभा को अवसर देने" और "विशेषज्ञता के लिए प्रोत्साहन" देने केंद्र का एक प्रभावी मिशन बन गया है।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि 'आत्मनिर्भर भारत"

की प्रतिबद्धता को पूरा करने के अलावा, हुनर हाट देश के हर कोने से मास्टर कारीगरों और शिल्पकारों को बड़े पैमाने पर रोजगार और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए एक प्रभावी मंच साबित हुआ है।

श्री नकवी ने कहा कि एक ओर रामपुर के हुनर हाट में मास्टर कारीगरों के स्वदेशी उत्पाद प्रमुख आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं, वहीं दूसरी ओर हुनर हाट में देश के लगभग हर कोने से लोग पारंपरिक व्यंजनों का भी आनंद लेंगे।

इसके अलावा, प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा हर दिन प्रस्तुत किए जाने वाले 'जाने भी दो,' की थीम पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र है। यह हुनर हाट सांप्रदायिक सद्भाव और देश की विविधता में एकता' की भावना को जीने का अवसर होगा।

शानदार हथकरघा उत्पाद, लकड़ी और मिट्टी के खिलौने, पोस्टल पेंटिंग, मेटल क्राफ्ट, आभूषण, खादी उत्पाद, रामपुरी चाकू, रामपुरी वायलिन, काले मिट्टी के बर्तन, हर्बल उत्पाद, सूखे फूल, उड्डन आयरन हस्तशिल्प, ऑइल पेंटिंग, आयरन आर्ट वर्क, बाग प्रिंट, बेंत और बांस उत्पाद इत्यादि हुनर हाट में एक छत के नीचे उपलब्ध होंगे।

❑❑

एमएसएमई क्षेत्र को समर्थन के लिए ठोस वित्तीय मॉडल विकसित करने और प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को पूरा करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास करने की ज़रूरत है: श्री गडकरी

दिल्ली, 16 दिसम्बर, 2020 : केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कहा कि एमएसएमई की वित्तीय ज़रूरतों को पूरा करने की दिशा में एक ठोस वित्तीय मॉडल विकसित करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जाने की ज़रूरत है।

उन्होंने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार है। आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने की दिशा में एमएसएमई की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है । हालाँकि वर्तमान समय में पूँजी की कमी की वजह से ये क्षेत्र काफी परेशानियों का सामना कर रहा है।

श्री गडकरी एमएसएमई सप्ताह के समापन समारोह को आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन 'ग्लोबल अलाइंस फॉर मास इंटरप्राइजेज़' ने किया था । कार्यक्रम के अवसर पर श्री गडकरी ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र देश की जीडीपी में 30 फीसदी योगदान दे रहा है, और आने वाले समय में इसे 40 फीसदी तक लेकर जाने का लक्ष्य है। वहीं दूसरी तरफ निर्यात के क्षेत्र में एमएसएमई का योगदान 48 फीसदी है, जिसे 60 फीसदी पर लेकर जाना है। उन्होंने बताया कि एमएसएमई क्षेत्र से करीब 11 करोड़ लोगों को रोज़गार मिलता है। हम चाहते हैं कि अगले पाँच साल में एमएसएमई क्षेत्र में 5 करोड़ नई नौकरियाँ सृजित की जाएँ।

मंत्री ने कहा कि उद्योग मूल रूप से शहरी क्षेत्रों में केन्द्रित हैं। हमें इस दिशा में बदलाव करने का प्रयास करना चाहिए और ग्रामीण क्षेत्रों तक भी उद्योगों को पहुंचाना चाहिए। हमें ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में भी रोज़गार के अवसर तलाशने चाहिए। इस दिशा में वित्ती संस्थानों की अहम भूमिका होगी। इन क्षेत्रों में उद्योग को स्थापित करने के लिए पूँजी की ज़रूरत होगी। इस ज़रूरत को पूरा करने के लिए में एक ठोस वित्तीय मॉडल को विकसित करने की ज़रूरत है। इससे इंडिया और भारत के बीच मौजूद खाई को पाटने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र को गति देने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जाने की ज़रूरत है, ताकि कम लागत वाले और पर्यावरण के अनुकूल नवाचार डिजाइन और विचारों को विकसित किया जा सके। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए उच्च स्तर पर समन्वय, संचार और सहयोग की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए आत्मनिर्भर भारत का उद्देश्य सुधार (रिफॉर्म), प्रदर्शन (परफॉर्म) और बदलाव (ट्रांसफॉर्म) है।

श्री गडकरी ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र को विकसित करने के लिए नवीन प्रौद्योगिकी की काफी ज़्यादा ज़रूरत है। इस दिशा में अलग-अलग संस्थानों की तरफ के विभिन्न प्रयास किए जा चुके हैं। अतिरिक्त कृषि उत्पादों से अलग-अलग तरह का ईंधन तैयार करना इसका एक उदाहरण है । उन्होंने कचरे से धन कमाने की दिशा में ध्यान केन्द्रित करने आह्वान भी किया।

केन्द्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री द्वारा उदयपुर में खादी संस्थाओं का दौरा

केन्द्रीय, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री श्री प्रताप चन्द्र षडङ्गी ने अपने दो दिवसीय राजस्थान दौरे के दौरान बांसवाड़ा व उदयपुर जिले का दौरा किया। माननीय मंत्री ने इस अवसर पर उदयपुर के प्रताप गौरव केंद्र में आयोजित खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की एक प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

मंत्री महोदय ने राजस्थान की खादी संस्थाओं द्वारा तैयार सूती व ऊनी खादी, ग्रामोद्योग इकाईयों हर्बल उत्पादों, आदिवासी क्षेत्र के परंपरागत कारीगरों द्वारा तैयार बांस उत्पाद एवं झीलों की नगरी, उदयपुर के कुशल कारीगरों द्वारा निर्मित लकड़ी के खिलौनों के साथ पश्चिमी जिले जैसलमर के पोकरण के मरुधरा से निर्मित कुम्हारी उत्पादों तथा अन्य ग्रामोद्योगी उत्पादों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया। प्रताप गौरव केंद्र के सभा कक्ष में खादी और ग्रामोद्योग आयोग के द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई।

इस अवसर पर उन्होंने खादी संस्थाओं, ग्रामोद्योग इकाईयों के प्रतिनिधियों, आदिवासी एवं गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित भी किया। इससे पूर्व मंत्री महोदय ने बांसवाड़ा क्षेत्र के बामनवाड़ा ग्राम पंचायत के ढारमा गाँव में स्थानीय आदिवासियों के साथ आयोग द्वारा संचालित कार्यक्रमों की जानकारी साझा की तथा उन्हें शहद, टैराकोटा व बांस के कलस्टर लगाने हेतु प्रेरित किया। ❑❑

परंपरागत कला को पुनर्जीवित करने के लिए केवीआईसी द्वारा तवांग में 1000 वर्ष पुरानी हस्तनिर्मित कागज उद्योग'मोनपा' को जिंदा किया गया है;

पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के समर्पित प्रयासों के फलस्वरूप 1000 वर्ष पुरानी परंपरागत कला- अरुणाचल प्रदेश का मोनपा हस्तनिर्मित कागज उद्योग- जिसे विलुप्त होने के लिए छोड़ दिया गया था, एक बार फिर जिंदा हो गया है।

मोनपा हस्तनिर्मित कागज निर्माण कला की शुरूआत 1000 वर्ष पूर्व हुई थी औरधीरे-धीरे यह कला अरुणाचल प्रदेश के तवांग में स्थानीय रीति-रिवाजों और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बन गई। एक समय में इस हस्तनिर्मित कागज का उत्पादन तवांग के प्रत्येक घर में होता था और यह

स्थानीय लोगों केलिए उनकी आजीविका का एक प्रमुख स्रोत बन गया था। हालांकि, पिछले 100 वर्षों से यह हस्तनिर्मित कागज उद्योग लगभग गायब हो चुका था; जिसने केवीआईसी को इस प्राचीन कला का पुनरुद्धार करने की योजना बनाने के लिए प्रेरित किया।

केवीआईसी द्वारा तवांग में मोनपा हस्तनिर्मित कागज निर्माण ईकाई की शुरूआत की गई, जिसका उद्देश्य न केवल इस कला को पुनर्जीवित करना है बल्कि स्थानीय युवाओं को इस कला के माध्यम से पेशेवर रूप से जोड़ना और उनको धन अर्जित करवाना भी है। इस इकाई का उद्घाटन केवीआईसी के अध्यक्ष, श्री विनय कुमार सक्सेना द्वारा स्थानीय लोगों और अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया, जो कि स्थानीय लोगों के लिए एक ऐतिहासिक घटना है।

उत्कृष्ट बनावट वाला यह हस्तनिर्मित कागज, तवांग की स्थानीय जनजातियों के जीवंत संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है, जिसे स्थानीय भाषा में मोन शुगु कहा जाता है। इस कागज का एक बहुत बड़ा ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है क्योंकि यह बौद्ध मठों में धर्मग्रंथों और स्तुति गान लिखने के लिए उपयोग किया जाने वाला कागज है। मोनपा हस्तनिर्मित कागज, शुगु शेंग नामक स्थानीय पेड़ की छाल से बनाया जाएगा, जिसकाअपना औषधीय मूल्य भी है। इसलिए इस कागज के लिए कच्चे माल की उपलब्धता की समस्या उत्पन्न नहीं होगी।

पूर्व में,मोनपा का उत्पादन इतने बड़े स्तर पर होता था कि इन कागजों को तिब्बत, भूटान, थाईलैंड और जापान जैसे देशों में बेचा जाता था क्योंकि उस समय इन देशों के पासकागज उत्पादन का कोई उद्योग मौजूद नहीं था।

हालांकि, धीरे-धीरे स्थानीय उद्योग में गिरावट दर्ज होनेलगी और स्वदेशी हस्तनिर्मित कागज के स्थान पर निम्नस्तरीय चीनी कागज के अपना कब्जा जमा लिया।

इस हस्तनिर्मित कागज उद्योग का पुनरुद्धार करने का एक प्रयास 1994 में किया गया था, लेकिन वह असफल रहा क्योंकि तवांग की विभिन्न भौगोलिक चुनौतियों के कारण यह एक बहुत ही कठिन कार्य था। हालांकि, केवीआईसी के उच्च प्रबंधन के मजबूत इरादे के कारण, कई चुनौतियां सामने आने के बावजूद इस यूनिट की स्थापना सफलतापूर्वक की गई। केवीआईसी अध्यक्ष के निर्देश पर, तवांग में कुमारप्पा नेशनल

स्थानीय गांवों की 12 महिलाओं और 2 पुरुषों को मोनपा हस्तनिर्मित कागज बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। केएनएचपीआई, केवीआईसी की एक इकाई है।

केवीआईसी अधिकारियों के लिए सबसे बड़ा चुनौतीपूर्ण काम तवांग की दुर्गम पहाड़ी इलाकों और खराब मौसम वाली स्थिति में मशीनों को वहां तक लेकर जाना था। अरुणाचल प्रदेश सरकार द्वारा इस परियोजना को पूरा समर्थन प्रदान किया गया और यूनिट स्थापित करने के लिए मामूली किराए पर एक इमारत प्रदान की गई।

हैंडमेड पेपर इंस्टीट्यूट (केएनएचपीआई),जयपुर के वैज्ञानिकों और अधिकारियों की एक टीम को इस यूनिट की स्थापना करने और स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए तैनात किया गया था। छह महीने से ज्यादा के कठोर परिश्रम का फल प्राप्त हुआ और तवांग में इस यूनिट की शुरूआत हुई।

शुरुआत में, इस कागज यूनिट में 9 कारीगरों का लगाया गया है, जो प्रतिदिन मोनपा हस्तनिर्मित कागज के 500 से 600 शीट्स का उत्पादन कर सकते हैं। इन कारीगरों को प्रतिदिन 400 रुपये की मजदूरी प्राप्त होगी । शुरुआत में,

केवीआईसी के अध्यक्ष ने कहा कि मोनपा हस्तनिर्मित कागज उद्योग को पुनर्जीवित करना और इसके वाणिज्यिक उत्पादन में वृद्धि करना, केवीआईसी का प्रमुख लक्ष्य था। श्री सक्सेना ने कहा कि, "इसकी विशिष्टता के कारण,इस हस्तनिर्मित कागज का उच्च वाणिज्यिक मूल्य है, जिसका उपयोग अरुणाचल प्रदेश में स्थानीय रोजगार उत्पन्न करने के लिए किया जा सकता है । मोनपा हस्तनिर्मित कागज के उत्पादन को बढ़ावा देकर इसे फिर से दूसरे देशों में निर्यात किया जासकता है और पिछले कुछ दशकों से चीन द्वारा कब्जा की

गई जगह को पुनः प्राप्त किया जा सकता है। यह महान वैश्विक क्षमता वाला एक स्थानीय उत्पाद है, जो कि प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए "स्थानीय से वैश्विक" मंत्र के साथ जुड़ा हुआ है।

"श्री सक्सेना ने इस परियोजना के लिए केवीआईसी-केएनएचपीआई अधिकारियों द्वारा की गई कड़ी मेहनत और अरुणाचल प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए समर्थन की सराहना की और कहा कि,"इस दुर्गम इलाके में गुवाहाटी से तवांग तक 15 घंटे की थकान भरी सड़क यात्रा, इस कागज इकाई के फिर से जिंदा होने का साक्षी बनाने के साथ ही गायब हो गई। वास्तव में, इस स्थानीय कला को पुनर्जीवित करने वाली इकाई का उद्घाटन करना सौभाग्य की बात है।"

हस्तनिर्मित कागज के अलावा, तवांग को दो अन्य स्थानीय कलाओं के लिए भी जाना जाता है- हस्तनिर्मित मिट्टी के बर्तन और हस्तनिर्मित फर्नीचर - जो समय के साथ विलुप्त होते जा रहे हैं। केवीआईसी के अध्यक्ष ने घोषणा की कि छह महीने के अंदर इन दोनों स्थानीय कलाओं के पुनरुद्धार के लिए योजनाओं की शुरूआत की जाएंगी।

श्री सक्सेना ने कहा कि, "कुम्हार सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत प्राथमिकता के आधार पर हस्तनिर्मित मिट्टी के बर्तनों का पुनरुद्धार बहुत जल्द ही शुरू किया जाएगा।"

मोनपा हस्तनिर्मित कागज यूनिट, स्थानीय युवाओं के लिए एक प्रशिक्षण केंद्र के रूप में भी कार्य करेगी। केवीआईसी केवल इसको विपणन सहायता प्रदान करेगा बल्कि स्थानीय रूप से निर्मित हस्तनिर्मित कागज के लिए बाजार की भी तलाश करेगा। केवीआईसी की योजना देश के विभिन्न इलाकों में इस प्रकार की अन्य इकाइयों की स्थापना करने की है।

श्री सक्सेना ने कहा कि केवीआईसी द्वारा तवांग में अभिनव प्लास्टिक मिश्रित हस्तनिर्मित कागज का उत्पादन भी शुरू किया जाएगा, जो कि इस क्षेत्र में प्लास्टिक कचरे में कमी लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

अध्यक्ष द्वारा केएनएचपीआई में चल रही गतिविधियों की समीक्षा

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने 3 दिसंबर, 2020 को कुमारप्पा राष्ट्रीय हाथकागज़ संस्थान (केएनएचपीआई), सांगानेर, जयपुर में चल रही गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करने के लिए संस्थान का दौरा किया।

कुमारप्पा राष्ट्रीय हाथकागज़ संस्थान (केएनएचपीआई) के दौरे के दौरान, केवीआईसी के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने संस्थान के प्रयोगशालाओं और प्रमुख संयंत्र अनुभागों का भी दौरा किया और संबंधित अनुभागों में चल रही गतिविधियों की प्रगति की भी जांच की और गहन समीक्षा के लिए संबंधित वैज्ञानिक से विचार-विमर्श किया।

उन्होंने प्रस्तावित अनुसंधान और विकास प्रस्तावों की भी जांच की, जिस पर संस्थान निकट भविष्य में विस्तृत अध्ययन करने जा रहा है। अंतिम रूप से अनुसंधान के कुछ संभावित क्षेत्रों में स्थायी प्रबंधन के लिए कृषि अवशेष, वन

अवशेष और पैकेजिंग समाधान के लिए मोल्डेड हैंडमेड पेपर उत्पाद हैं। संस्थान के निदेशक ने आयोग के अध्यक्ष को संस्थान की समग्र प्रगति और केएनएचपीआई को हाथकागज निर्माण के क्षेत्र में "उत्कृष्टता का केंद्र" बनाने की भविष्य की योजनाओं से भी अवगत कराया। अध्यक्ष महोदय ने संस्थान की प्रगति पर बहुत प्रसन्नता व्यक्त की और उन्होंने केएनएचपीआई द्वारा तैयार की गई गाय के गोबर से बनी पेंटिंग पर भी खुशी व्यक्त की । उन्होंने कोविड-19 की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, यात्रा के दौरान सामाजिक दूरी बनाये रखने, उचित स्वच्छता रखने और फेस मास्क को उपयोग में लाने संबन्धित सभी उपायों का सही तरीके से पालन किया।

इससे पूर्व, सभी केएनएचपीआई टीम के साथ, केएनएचपीआई के सचिव और निदेशक श्री बद्री लाल मीणा ने पुष्पगुच्छ, कपास की माला और खादी की शॉल भेंट कर आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना का स्वागत किया।

❑❑

आयोग, लद्दाख की कारीगर रचनात्मकता के हितार्थ व्यापक योजना के साथ तैयार

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने 17 दिसंबर, 2020 को लद्दाख के माननीय सांसद, श्री जमयांग सेरिंग नामग्याल से मुलाकात की और इस क्षेत्र में स्थानीय स्व-रोजगार के अवसरों पर चर्चा की।

केवीआईसी, लद्दाख की ललित कारीगर रचनात्मकता और प्रचुर संसाधनों के हितार्थ व्यापक योजना के साथ तैयार है। ❑

आयोग के अध्यक्ष ने चर्म शिल्प के प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए

आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने चर्म शिल्प प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। चर्म शिल्प कारीगर के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के दूसरे बैच के सफल प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित किया। केवीआईसी, इन सफल उम्मीदवारों को पीएमईजीपी के तहत उन्हें अपनी स्वयं फुटवियर इकाइयां स्थापित करने के लिए सहायता प्रदान करेगा। यह आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। ❑

खादी सिल्क साड़ियां पहनेंगी दिल्ली पुलिस की महिला कार्यकारी

विभिन्न सरकारी कार्यालयों में तेजी से खादी को स्वीकार किया जा रहा है। दिल्ली पुलिस अपनी महिला कार्यकारियों के लिए खादी सिल्क की सुंदर साड़ियां खरीद रही है।

खादी और ग्रामीण आयोग उद्योग (केवीआईसी) को दिल्ली पुलिस से 25 लाख रुपये मूल्य की 836 खादी सिल्क की साड़ियां खरीदने का आदेश प्राप्त हुआ है। दोहरे रंग की साड़ियां तसर - कटिया सिल्क से बनाई जाएंगी। साड़ियों के नमूने दिल्ली पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए, जिसके अनुसार केवीआईसी द्वारा साड़ियां बनाई जा रही हैं और दिल्ली पुलिस द्वारा स्वीकृत है। साड़ियां नेचूरल कलर सिल्क तथा गुलाबी रंग में कटिया सिल्क की मिश्रित होंगी।

केवीआईसी के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने कहा है कि दिल्ली पुलिस से मिले नवीनतम खरीद आदेश से खादी की बढ़ती लोकप्रियता जाहिर होती है। इससे खादी दस्तकारों को मजबूती मिलेगी। श्री सक्सेना ने कहा कि काफी वर्षों से खादी का ट्रेंड हो गया है। खादी कारीगरी है, इसलिए यह सबसे आरामदायक कपड़ा है। उन्होंने कहा कि सामान्यजन ही नहीं विशेषकर युवाओं और सरकारी निकायों द्वारा खादी को अपनाया जा रहा है। यह दूरदराज के कताई और बुनाई करने वाले दस्तकारों को बहुत बड़ा प्रोत्साहन है।

दिल्ली पुलिस के लिए तसर – कटिया सिल्क की साड़ियां पश्चिम बंगाल में परम्परागत दस्तकारों द्वारा तैयार की जा रही हैं। तसर – कटिया सिल्क दो रंगों में उपलब्ध है जो तसर तथा कटिया सिल्क के मिश्रण से बनता है। इसकी बुनाई परम्परागत दस्तकार करते हैं और इसकी पहचान गहरी और भारी बुनावट से होती है। इसकी बुनावट तसर और कटिया की दो अलग - अलग धागों से की जाती है। यह खुरदरा होता है और देखने में सादा लगता है लेकिन सुराखदार बुनाई इस कपड़े को सभी मौसम में पहनने योग्य बना देती है।

इससे पहले केवीआईसी ने चादरों और वर्दियों सहित खादी उत्पाद आपूर्ति के लिए भारतीय रेल, स्वास्थ्य मंत्रालय, भारतीय डाक विभाग, एयर इंडिया तथा अन्य सरकारी एजेंसियों से समझौता किया। केवीआईसी एयर इंडिया के क्रू सदस्यों तथा स्टाफ के लिए यूनिफॉर्म बना रहा है। आयोग 90 हजार से अधिक डाक बंधुओं/डाक बहनों के लिए यूनिफॉर्म बना रहा है। यूनिफॉर्म ऑनलाइन भी उपलब्ध हैं।

कोविड-19 के दौरान जम्मू और कश्मीर में खादी कारीगरों के जीवनयापन के लिए आयोग ने 30 करोड़ रुपये वितरित किये

30 दिसम्बर, 2020 : खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने कोविड-19 की अवधि के दौरान जम्मू और कश्मीर में खादी कारीगरों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। इस बीच, केवीआईसी ने देश भर में स्थायी रोजगार सृजित करने के लिए अथक प्रयास किये हैं, इतना ही नहीं आयोग ने केवल जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी इलाकों में ही खादी संस्थानों को 29.65 करोड़ रुपये का भुगतान किया है, जिस पर भारत सरकार विशेष तौर पर ध्यान दे रही है।

इस धनराशि को मई 2020 से लेकर सितंबर 2020 तक जम्मू-कश्मीर के 84 खादी संस्थाओं में वितरित किया गया है, जिससे इन संस्थाओं से जुड़े लगभग 10,800 खादी कारीगरों को लाभ पहुंचा है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) की संशोधित विपणन विकास सहायता (एमएमडीए) योजना के तहत यह वित्तीय सहायता प्रदान की गई है जो उत्पादन गतिविधियों से सीधे तौर पर जुड़ी हुई है। इस योजना के तहत, पैसा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से कारीगरों के बैंक खातों में सीधा स्थानांतरित किया जाता है।

कोविड-19 लॉकडाउन अवधि के दौरान खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा जम्मू और कश्मीर के खादी संस्थाओं के 951 पुराने

एमएमडीए दावों को निपटाने के लिए एक विशेष अभियान भी शुरू किया गया था। ऐसे दावे वर्ष 2016-17 से लेकर 2018-19 तक संबंधित थे और विभिन्न तकनीकी कारणों से लंबित चल रहे थे।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि, इस विशेष अभियान के माध्यम से 84 खादी संस्थाओं को जारी किये गए 29.65 करोड़ रुपये के भुगतान से जम्मू-कश्मीर में 10,800 कारीगरों को लाभ हुआ है। जो हर कमजोर तबके को "आत्मनिर्भर" बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को मजबूत करता है।

श्री सक्सेना ने कहा कि, "खादी संस्थाओं और कारीगरों को एमएमडीए योजना के माध्यम से वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने के अलावा, केवीआईसी ने जम्मू, उधमपुर, पुलवामा, कुपवाड़ा तथा अनंतनाग के स्व-सहायता समूहों में काम करने वाली हजारों महिला कारीगरों को खादी फेस मास्क की सिलाई का कार्य उपलब्ध कराया है। लगभग 7 लाख खादी फेस मास्क इन महिला कारीगरों द्वारा तैयार किये गए थे और इनकी आपूर्ति जम्मू-कश्मीर सरकार को की गई थी।"

इस समय जम्मू-कश्मीर में 103 खादी संस्थाएं काम कर रहे हैं। इनमें से 12 मुख्य रूप से कश्मीर की विश्व स्तर पर पसंद की जाने वाली पश्मीना शॉल को बनाने का काम कर रहे हैं। इन शॉल का 60 प्रतिशत से अधिक का उत्पादन दक्षिण कश्मीर क्षेत्र यानी अनंतनाग, बांदीपोरा, पुलवामा और कुलगाम में किया जाता है। जम्मू-कश्मीर में बने उत्पादों के खरीदार बड़ी संख्या में दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में मिल जाते हैं।

ये उत्पाद विभिन्न खादी इंडिया सेल आउटलेट्स और केवीआईसी ई-पोर्टल के माध्यम से बेचे जा रहे हैं।

दिवाली मनाने के साथ ही आत्मनिर्भर भारत अभियान में सहयोग करने के लिए एमएसएमई मंत्रालय का

उपभोक्ताओं को धन्यवाद

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत'तथा 'वोकल फॉर लोकल' और मंत्रालय के सोशल मीडिया अभियान के आह्वान के अनुसरण में, खादी तथा अन्य स्थानीय एवं ग्राम उद्योगों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों सहित अन्य स्थानीय उत्पादों की बिक्री में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है ।इस वर्ष दिवालीके त्योहारी मौसम के दौरान स्थानीय उत्पादों की बिक्री में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है।

हाल ही में बीते त्यौहार से पहले, एमएसएमईमंत्रालय ने कारीगरों और एमएसएमईद्वारा बनाए गए स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक और आकर्षक तथा नवीन सोशल मीडिया अभियान शुरू किया था। "उजाले इन उम्मीदों के" ब्रांड के उद्देश्य और हैश-टैग# Msmechampions के साथ अभियान को लगभग एक दर्जन स्थानीय उत्पादों और

- 2020 में दिवाली त्योहार के दौरान खादी और अन्य ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई
- कई स्थानीय उत्पादों की बिक्री पिछले साल की दिवाली से भी अधिक रही
- पिछली दिवाली के मुकाबले कई कृषि उत्पादों की बिक्री में 700 से 900 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि
- खादी इंडिया ने अक्टूबर-नवंबर, 2020 में अपने दिल्ली सीपी सेल्स आउटलेट में प्रति दिन 1 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री की
- खाद्य और कपड़ा वस्तुओं की बिक्री दस गुना तक बढ़ी

प्रक्रियाओं के वीडियो व संदेशों सहित एक महीने से अधिक समय तक चलाया गया था। यह एक बहुत बड़ी सफलता थी,जो बहुत लोकप्रिय हुई।

कुल मिलाकर, इस साल दिवाली के दौरान उत्पादों की बिक्री में 2019 की दिवाली की तुलना में लगभग 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

दिल्ली और उत्तर प्रदेश में फैले खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के आउटलेटों से पिछले वर्ष दिवाली के दौरान कुल बिक्री 5 करोड़ रुपये से चार गुना बढ़कर इस वर्ष लगभग 21 करोड़ रुपये हो गई है।

देश में कोविड-19 महामारी के बावजूद यह रिकॉर्ड वृद्धि, खादी, अगरबत्ती, मोमबत्ती, दीया, शहद, धातु कला उत्पादों, कांच के बक्से में चरखे, कृषि और खाद्य पदार्थों, कपास और रेशम कपड़े, ऊनी और कढ़ाई उत्पादों सहित लगभग सभी उत्पादों में हुई है।

2019 और 2020 में दिल्ली और उत्तर प्रदेश के खादी ग्रामोद्योग भवनों में कुल मिलाकर खुदरा बिक्री

दिवाली त्योहार के दौरान बिक्री (लाख रुपये में)				
क्र.स.	मद	14.10.2019 से 27.10.2019	01.11.2020 से 14.11.2020	वृद्धि
1	धातु कला उत्पाद	3.34	4.14	24%
2	बक्से में चरखा सहित शीशे का सामान	0.01	0.34	3300%
3	ग्राम उद्योग के अन्य मद	76.33	309.93	306%
4	फैब्रिक कॉटन	82.98	724.18	773%
5	पॉली फैब्रिक	8.23	23.23	182%
6	फैब्रिक सिल्क	123.28	364.64	196%
7	फैब्रिक ऊनी	42.2	105.1	149%
8	कशीदाकारी उत्पाद	1.59	3.37	112%
9	खादी मास्क सहित रेडिमेड	192.75	458.26	138%
कृषि उत्पाद				
10	शहद	6.99	21.24	204%
11	पापड़	1.93	20.17	943%
12	अचार	1.71	17.60	928%
13	मसाला	1.29	12.28	849%
14	हींग	0.97	10.49	986%
कुल		544	2,075	282%

खादी इंडिया के दिल्ली सीपी आउटलेट के इतिहास में 2 अक्टूबर, 2019 को 1.27 करोड़ रुपये मूल्य की अधिकतम बिक्री की गई। इसके साथ-साथ खादी इंडिया ने अक्टूबर और नवंबर 2020 के दौरान चार बार 1 करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड बिक्री की।

खादी इंडिया (सीपी, दिल्ली) में इस वर्ष एक दिन में बिक्री

2 अक्टूबर, 2020 - 102.24 लाख रुपये

24 अक्टूबर, 2020 - 105.62 लाख रुपये

7 नवंबर, 2020 - 106.18 लाख रुपये

13 नवंबर, 2020 - 111.40 लाख रुपये

इस वर्ष खादी और अन्य लघु एवं ग्रामीण उद्योग के उत्पादों की यह उल्लेखनीय बिक्री कोविड के कारण वर्तमान मानवीय और लॉजिस्टिक संबंधी सीमाओं के दौर में बहुत महत्वपूर्ण है। लॉकडाउन और सोशल डिस्टेंसिंग

मानकों के कारण लगभग सभी गतिविधियां रुकी हुई थीं। हालांकि एमएसएमई मंत्रालय, केवीआईसी और एमएसएमई ने देश भर में विविध गतिविधियां जारी रखीं और इस अवसर पर कोविड के कारण फेस मास्क और अन्य व्यक्तिगत स्वच्छता उत्पादों जैसे हाथ धोने और हाथ सैनिटाइजर जैसे आवश्यक उत्पादों के निर्माण के साथ जुड़े।

प्रधानमंत्री के "आत्मनिर्भर भारत" और "वोकल फॉर लोकल" के आह्वान और मंत्रालय के समयानुसार अभियान ने स्थानीय विनिर्माण के साथ-साथ खपत में एक नया जोश भर दिया।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र छह करोड़ से अधिक परिवार के सदस्यों, उद्यमियों के विशाल नेटवर्क के बल पर भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है।

इस दिवाली उनके उत्पादों की रिकॉर्ड बिक्री स्थानीय कारीगरों और उत्पादों के लिए लोगों के प्यार का प्रतीक है। यह देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका को पुनः स्थापित करता है।

मंत्रालय के अधिकारियों को उम्मीद है कि स्थानीय और पारंपरिक उत्पादों की बिक्री में यह वृद्धि आने वाले महीनों में भी जारी रहेगी, जिससे आजीविका को मजबूती मिलेगी और उनके आधार पर बड़ी संख्या में लोगों की कमाई होगी । इसे सुविधाजनक बनाने के लिए, अन्य उपायों के अलावा, वे डिजिटलीकरण, ई-मार्केटिंग और निर्यात को बढ़ावा दे रहे हैं।

मंत्रालय ने यह भी बताया कि वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चैम्पियन बनने के लिए एमएसएमई को बढ़ावा देने को लेकर कुछ भी और सब कुछ करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

❑❑

पीएमटीसी, पंपोर द्वारा सल्लर अनंतनाग में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पीएमटीसी ने सल्लर अनंतनाग में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के प्रशिक्षण केंद्र, पंपोर ने 100 पीएमईजीपी लाभार्थियों के लिए 10 दिनों का ईडीपी प्रशिक्षण शुरू किया, जिनके ऋण आवेदन विभिन्न बैंकों द्वारा स्वीकृत किए गए हैं।

इसके अलावा, पीएमटीसी पंपोर ने सलार अनंतनाग में एक दिवसीय उद्यमी जागरूकता कार्यक्रम (ईएपी) का आयोजन किया।

कार्यक्रम के दौरान जम्मू और कश्मीर केवीआईसी के राज्य निदेशक प्रभारी श्री एस.पी. खंडेलवाल, पीएमटीसी पंपोर के प्राचार्य श्री अनिल कुमार शर्मा और केवीआईसी के अन्य अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

प्रिंसिपल पीएमटीसी पंपोर के साथ राज्य निदेशक ने केंद्र में कटिंग और टेलरिंग का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

कन्नूर मधुमक्खी पालन क्लस्टर में मधुमक्खी के बक्से वितरित

1 दिसम्बर, 2020 को केरल में कन्नूर मधुमक्खी पालन क्लस्टर में मधुमक्खी के बक्से वितरित किए गए।

कसारगोड मधुमक्खीपालन क्लस्टर में एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

कोविड प्रोटोकॉल को बनाए रखते हुए स्फूर्ति कार्यक्रम के तहत कसारगोड मधुमक्खी पालन क्लस्टर में मधुमक्खी पालन पर एक जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई।

आयोग के राज्य कार्यालय, लखनऊ के उप निदेशक प्रभारी श्री डी. एस. भाटी ने 20 फरवरी, 2020 को प्रयागराज, प्रतापगढ़ और कौशांबी जिलों के अंतर्गत खादी संस्थाओं के केआरडीपी के तहत खादी मार्क, खादी पंजीकरण, एमएमडीए दावे, भंडार नवीनीकरण के साथ-साथ सीएसपी के भुगतान बकाये आदि जैसी गतिविधियों की समीक्षा की। चर्चा के दौरान संस्थाओं के सचिव को उत्पादन और बिक्री में वृद्धि करने तथा कतिन और बुनकरों की संख्या में वृद्धि करने के निदेश दिए गये, ताकि गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके।

16 दिसंबर, 2020 को ढहाणु रेलवे स्टेशन पर प्रसिद्ध व्यापारी श्री प्रशांत कारुलकर द्वारा एक नीरा बिक्री केंद्र का उद्घाटन किया गया।

राज्य कार्यालय, लखनऊ के उप निदेशक प्रभारी श्री डी.एस. भाटी ने मिर्जापुर में हैंड नॉटेड कालीन स्फूर्ति क्लस्टर के निर्माणाधीन सामान्य सुविधा केन्द्र का निरीक्षण किया।

आयोग के बहु उद्देश्यीय प्रशिक्षण केन्द्र, देहरादून ने ग्राफिक एरा हिल विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के डीन, डॉ. सुरेंद्र सिवाच के साथ साथ विश्वविद्यालय के डॉ. अरविंद नेगी और डॉ. दीपक खोलिया भी 10 दिसंबर, 2020 को प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित थे ।

अरुणाचल प्रदेश सरकार ने स्कूली बच्चों के लिए 1 लाख खादी फेस मास्क खरीदे

20 दिसम्बर, 2020 दिल्ली: अरुणाचल प्रदेश सरकार स्कूली बच्चों के लिए तीन रंगों में बने खादी के 1 लाख फेस मास्क और खरीद रही है। राज्य सरकार ने 8वीं कक्षा के बच्चों के लिए 4 जनवरी, 2021 से विद्यालयों को फिर से खोलने का फैसला किया है और इसके लिए सरकार ने सूती कपड़ों से निर्मित 1 लाख मास्क फिर से खरीद रही है। खादी ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) 27 दिसम्बर तक यह मास्क उपलब्ध करवाएगा।

अरुणाचल प्रदेश सरकार द्वारा मास्क की इस खरीद से पहले नवंबर,2020 में 60,000 मास्क खरीदे गए थे, जिसकी आपूर्ति केवीआईसी ने की थी। राज्य सरकार को 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों से खादी के इन मास्कों के बारे में अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी, जो इसका पहले से ही उपयोग कर रहे हैं। पूर्वोत्तर भारत में अरुणाचल प्रदेश पहला राज्य है जिसने छात्रों को वितरित किए जाने के लिए इतनी बड़ी संख्या में खादी के मास्क खरीदे हैं। खादी मास्क के लिए 17 दिसम्बर, 2020 को जारी किए गए दूसरे आर्डर में इसकी त्वरित आवश्यकता का उल्लेख किया गया है क्योंकि नए वर्ष में कक्षा 8वीं के छात्रों के लिए विद्यालय खोलने की तैयारी है।

केवीआईसी, अरुणाचल प्रदेश सरकार को तीन रंगों में दो परतों में बने इस मास्क को उपलब्ध कराएगी, जिसमें उचित स्थान पर इसका लोगो भी लगा होगा। मास्क पर तिरंगे के रंगों का उपयोग करने के पीछे उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रवाद की भावना को जागृत करना है।

केवीआईसी के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि खादी के मास्क के लिए दोबारा मिला यह ऑर्डर खादी के लिए सम्मानजनक है। उन्होंने कहा कि इससे खादी की बढ़ती लोकप्रियता का पता चलता है और यह विभिन्न सरकारी विभागों में खादी की बढ़ती स्वीकार्यता का भी प्रमाण है। श्री सक्सेना ने कहा कि ऐसी बड़ी खरीद से खादी कारीगरों के लिए अतिरिक्त काम का सृजन होता है। यह ऑर्डर स्कूली बच्चों के लिए है इसलिए केवीआईसी इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देगा और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आपूर्ति 27 दिसम्बर से पहले ही हो जाए।

राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए ऑर्डर में कहा गया है कि अरुणाचल प्रदेश सरकार ने 4 जनवरी, 2021 से 8वीं कक्षा के छात्रों के लिए भी स्कूल फिर से शुरू करने का निर्णय किया है, इसी क्रम में सरकार ने छात्रों को वितरित करने हेतु 1 लाख मास्क की खरीद को स्वीकृति दी है।

केवीआईसी मास्क बनाने के लिए दोहरे बुने धागों का इस्तेमाल करता है जिससे यह 70% नमी भीतर ही रोकने और हवा के सहज आने-जाने में सक्षम होता है। यह मास्क त्वचा के अनुकूल होते हैं और इनका लंबे समय तक उपयोग किया जा सकता है। खादी के सूती मास्क धुले जा सकते हैं, पुनः इस्तेमाल योग्य हैं और इनका जैविक निपटान किया जा सकता है।

यह उल्लेखनीय है कि अप्रैल, 2020 से केवीआईसी ने मास्क बनाना शुरू किया और अब तक मात्र 8 महीनों में इसने 25 लाख से अधिक मास्कों की बिक्री की है। पहनने में आरामदायक होने के साथ उच्च गुणवत्ता वाले मास्कों के चलते केवीआईसी को कई बड़े ऑर्डर मिले जिसमें सबसे बड़ा ऑर्डर, 12.30 लाख फेस मास्क का ऑर्डर अकेले इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ने दिया। आम जनता के अलावा राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री कार्यालय, विभिन्न राज्य सरकारों और केन्द्रीय मंत्रालयों तथा सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों से भी दोबारा ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। ❑❑

उत्तर-पूर्व राज्यों के मुख्य सचिवों द्वारा अपने संबंधित राज्य की राजधानी में पीएमईजीपी की समीक्षा



आयोग के पूर्वोत्तर क्षेत्र के आंचलिक कार्यालय ने उत्तर-पूर्व क्षेत्र के सभी राज्यों के 8 मुख्य सचिवों के साथ संबंधित राज्य की राजधानी में बैंकों, भारतीय रिज़र्व बैंक और अन्य हितधारकों के समन्वय में प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) पर समीक्षा बैठक की।

मेघालय सरकार के मुख्य सचिव, श्री एम.एस. राव, आईएएस ने 4 दिसंबर, 2020 को शिलांग में बैंकरों, भारतीय रिजर्व बैंक और राज्य सरकार और केवीआईसी के अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ मेघालय राज्य में पीएमईजीपी के प्रदर्शन की समीक्षा की। बैठक में गहन विश्लेषण के दौरान राज्य में कम प्रदर्शन पर विस्तृत चर्चा की गयी।

मेघालय सरकार के मुख्य सचिव ने विभिन्न बैंकों के साथ लंबित पीएमईजीपी आवेदनों को मंजूरी देने की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए एक समय सीमा दी।

बैठक मे ईडीपी को लागू करने के लिए नए प्रशिक्षण संस्थानों की पहचान करने सहित, पीएमईजीपी से संबंधित सभी मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

मुख्य सचिव ने संबंधित सरकारी अधिकारियों और बैंकों को प्रदर्शन में सुधार करने के निर्देश दिए। बैंकों को अपने लंबित आवेदन को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए कहा गया।

इसी तरह 7 नवंबर, 2020 को अगरतला में निदेशक उद्योग और वाणिज्य, त्रिपुरा सरकार डॉ. प्रशांत कुमार गोयल, आईएएस की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई।

समीक्षा के दौरान, 2020-2021 लक्ष्य को प्रभावी रूप से प्राप्त करने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। बैठक में सभी बैंकों, भारतीय रिजर्व बैंक, एसएलबीसी संयोजक, राज्य सरकार के अधिकारियों ने भाग लिया।

आयोग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रभारी, पूर्वोत्तर क्षेत्र डॉ. सुकमल देब ने भी समीक्षा बैठकों में भाग लिया।

सोशल मीडिया एवं ई-पेपर

BusinessLine e-Paper

Share | Save | Font Size | D'load Image | Download PDF | Image | Text | Listen

Honey adulteration: 'Centre should ban import of high fructose syrup'

RUTAM VORA
Ahmedabad, December 6

The recent reports of widespread honey adulteration has shaken the consumer confidence and the Khadi and Village Industries Commission (KVIC), which is playing a major role in promoting apiculture, feels that besides hampering consumer interests, such instances impact the livelihoods of farmers and tribal bee keepers. In an interview with BusinessLine, KVIC's Chairman, Vinai Kumar Saxena, calls for strict action against adulteration and urges government to ban imports of High Fructose Syrup. Excerpts:

THE BL INTERVIEW

Amidst reports of adulteration by some major honey brands, what measures do you think should be taken to maintain consumer's trust?

KVIC has always emphasized on maintaining the purity of honey and has retained the quality produced by its units which is 100% natural and contains no artificial substance. While these reports are alarming, it is worth mentioning that none of the Khadi's honey brands has been found to be adulterated. This is crucial so as to retain the trust of the consumers on genuine Khadi products.

KVIC has requested to Centre to ban import of High Fructose Syrup or impose a hefty import duty so as to put a check on this malpractice. A ban on the import of these syrup from China will deter the private companies from honey adulteration. Adulterated honey is cheaper but poses a health hazard to the public.

